रोज की 1 सलाह

आचार्य महाश्रमण

रोज की एक सलाह

आचार्य महाश्रमण

प्रकाशक : जैन विश्व भारती
पोस्ट : लाडनूं-३४१३०६
जिला : नागौर (राज.)
फोन नं. : (०१५८१) २२२०८०/२२४६७१
ई-मेल : jainvishvabharati@yahoo.com

ISBN : 978-81-7195-203-8

© जैन विश्व भारती, लाडनूं

संस्करण : प्रथम : जनवरी २०१२, उनतीसवां : दिसम्बर २०१४

मूल्य : ८०/- (अस्सी रुपये मात्र)

मुद्रक : पायोराईट प्रिन्ट मीडिया प्रा. लि., उदयपुर

हे प्रभो! यह तेरापंथ

vge

अच्छे आचार और अच्छे व्यवहार का

आधार है अच्छे विचार।

मनुष्य को अच्छे विचारों का अर्जन करना चाहिए।

'रोज की एक सलाह' से पाठकों को

अच्छे विचार प्राप्त हो सकेंगे, ऐसा विश्वास है।

आचार्य महाश्रमण

जनवरी



वर्ष आता है, चला जाता है।
यह कोई विशेष बात नहीं।
विशेष बात यही है कि हर वर्ष आदमी के
विकास का कालमान बने।

जनवरी

01 02 03 04 05 06 07 08 09 10 11 12 13 14 15

16 17 18 19 20 21 22 23 24 25 26 27 28 29 30 31



एक-दो घण्टे मौन करना भी अच्छा है।
किन्तु सबसे अच्छा है
अनावश्यक न बोलना।

जनवरी

01 **02** 03 04 05 06 07 08 09 10 11 12 13 14 15
16 17 18 19 20 21 22 23 24 25 26 27 28 29 30 31



समय धन है।

उसका सदुपयोग करो।

व्यर्थ कार्यों में उसे व्यर्थ मत करो।

जनवरी

01 02 **03** 04 05 06 07 08 09 10 11 12 13 14 15

16 17 18 19 20 21 22 23 24 25 26 27 28 29 30 31



जिसे तुम अपना मित्र बनाते हो,
उसके साथ सच्चा हार्दिक संबंध कायम करो।
परस्पर एक-दूसरे का
हित करने का संकल्प करो।

जनवरी

01 02 03 **04** 05 06 07 08 09 10 11 12 13 14 15
16 17 18 19 20 21 22 23 24 25 26 27 28 29 30 31



होठ रूपी द्वारों को
अनावश्यक खुलने ही मत दो।
फिर देखो,
तुम्हारे भीतर कितनी शक्ति और
शांति स्फुरित होती है।

जनवरी

01 02 03 04 **05** 06 07 08 09 10 11 12 13 14 15

16 17 18 19 20 21 22 23 24 25 26 27 28 29 30 31



अपनी आकांक्षाओं को सीमित करो,
दुःख भी सीमित हो जाएगा।

जनवरी

01 02 03 04 05 **06** 07 08 09 10 11 12 13 14 15

16 17 18 19 20 21 22 23 24 25 26 27 28 29 30 31

वर्तमान में जीना सीखो।
अनावश्यक अतीत की स्मृतियों में बहने व
अनपेक्षित अनागत के आकाश में उड़ते रहने से
वर्तमान चुपके से निकल जाता है।

जनवरी

01 02 03 04 05 06 **07** 08 09 10 11 12 13 14 15

16 17 18 19 20 21 22 23 24 25 26 27 28 29 30 31



जीवन में एक संकल्प ऐसा रखो,
जिसे रखने के लिए
तुम अपने प्राणों का भी अर्पण कर सको।

जनवरी

01 02 03 04 05 06 07 **08** 09 10 11 12 13 14 15

16 17 18 19 20 21 22 23 24 25 26 27 28 29 30 31



काम को जीतना महाकठिन
कार्य तो हो सकता है, पर असंभव नहीं।
लक्ष्य बनाओ।
काम के साथ युद्ध शुरु करो।
कभी अकाम बन जाओगे।

जनवरी

01 02 03 04 05 06 07 08 **09** 10 11 12 13 14 15

16 17 18 19 20 21 22 23 24 25 26 27 28 29 30 31



अव्यवस्थित दस काम करने की अपेक्षा
दो-तीन व्यवस्थित काम करना
ज्यादा लाभदायी हो सकता है।

जनवरी

01 02 03 04 05 06 07 08 09 **10** 11 12 13 14 15
16 17 18 19 20 21 22 23 24 25 26 27 28 29 30 31



अंधकार से डरने की जरूरत नहीं।
डरना कोई समाधान भी नहीं।
बस एक छोटा-सा दीप जलाने की अपेक्षा है।

जनवरी

01 02 03 04 05 06 07 08 09 10 **11** 12 13 14 15

16 17 18 19 20 21 22 23 24 25 26 27 28 29 30 31



किसी को धोखा देना पाप है
तो किसी से धोखा खाना मूर्खता है।
न किसी से धोखा खाओ और
न किसी को धोखा दो।

जनवरी

01 02 03 04 05 06 07 08 09 10 11 **12** 13 14 15
16 17 18 19 20 21 22 23 24 25 26 27 28 29 30 31



अपनी आलोचना का जवाब

जबान से नहीं,

अपने महत्त्वपूर्ण कार्यों से दो।

जनवरी

01 02 03 04 05 06 07 08 09 10 11 12 **13** 14 15

16 17 18 19 20 21 22 23 24 25 26 27 28 29 30 31



भाग्य की चिन्ता नहीं,

सत्पुरुषार्थ करो।

भाग्य स्वतः अच्छा हो जाएगा।

जनवरी

01 02 03 04 05 06 07 08 09 10 11 12 13 **14** 15

16 17 18 19 20 21 22 23 24 25 26 27 28 29 30 31



मृत्यु एक नियति है।
उसे टाला नहीं जा सकता।
वह कभी भी, कहीं भी, किसी की भी और
किसी भी अवस्था में हो सकती है।

जनवरी

01 02 03 04 05 06 07 08 09 10 11 12 13 14 **15**

16 17 18 19 20 21 22 23 24 25 26 27 28 29 30 31



सामने वाले व्यक्ति की बात पर भी ध्यान दो।
उसमें भी कोई हित व कल्याण का तथ्य
प्राप्त हो सकता है।

जनवरी

01 02 03 04 05 06 07 08 09 10 11 12 13 14 15

16 17 18 19 20 21 22 23 24 25 26 27 28 29 30 31



भलाई का काम करो,
भगवान की सच्ची भक्ति हो जाएगी।
तुम्हें अच्छी शक्ति मिल जाएगी।

जनवरी

01 02 03 04 05 06 07 08 09 10 11 12 13 14 15

16 **17** 18 19 20 21 22 23 24 25 26 27 28 29 30 31



अपने आराध्य के प्रति
सर्वात्मना समर्पित हो जाओ।
फिर देखो,
मंजिल तुम्हारा स्वागत करने तैयार मिलेगी।

जनवरी

01 02 03 04 05 06 07 08 09 10 11 12 13 14 15

16 17 **18** 19 20 21 22 23 24 25 26 27 28 29 30 31



अनावश्यक न बोलना
उत्तम वक्तृत्व का एक रहस्य है।

जनवरी

01 02 03 04 05 06 07 08 09 10 11 12 13 14 15

16 17 18 **19** 20 21 22 23 24 25 26 27 28 29 30 31



अतीत का पुरुषार्थ ही
वर्तमान व भविष्य का भाग्य बन जाता है।

जनवरी

01 02 03 04 05 06 07 08 09 10 11 12 13 14 15

16 17 18 19 **20** 21 22 23 24 25 26 27 28 29 30 31

धन तुम्हारे अहंकार, विलास और
मूर्च्छा का कारण न बने।
यह सोचो, वह परोपकार का साधन
कैसे बन सकता है?

जनवरी

01 02 03 04 05 06 07 08 09 10 11 12 13 14 15

16 17 18 19 20 **21** 22 23 24 25 26 27 28 29 30 31



अपराध व नियमातिक्रमण का
एक कारण है अज्ञान।
ज्ञान का प्रदीप
अनेक समस्याओं का समाधान है।

जनवरी

01 02 03 04 05 06 07 08 09 10 11 12 13 14 15
16 17 18 19 20 21 **22** 23 24 25 26 27 28 29 30 31



भाग्य से अधिक तुम्हें कुछ भी नहीं मिलेगा।
फिर सद्भाग्य के नाशक
धोखाधड़ी, परकष्टदान जैसे तुच्छ कार्य
क्यों करने चाहिए?

जनवरी

01 02 03 04 05 06 07 08 09 10 11 12 13 14 15
16 17 18 19 20 21 22 **23** 24 25 26 27 28 29 30 31



शान्तिमय जीवन का
पहला व प्रमुख सूत्र है - ईमानदारी।

जनवरी

01 02 03 04 05 06 07 08 09 10 11 12 13 14 15

16 17 18 19 20 21 22 23 **24** 25 26 27 28 29 30 31

कट्टरता सर्वत्र बुरी नहीं होती।
वह बहुत अच्छी व आवश्यक भी होती है।
व्रत पालन आदि के संदर्भ में तो
कट्टरता अमृत है।

जनवरी

01 02 03 04 05 06 07 08 09 10 11 12 13 14 15

16 17 18 19 20 21 22 23 24 **25** 26 27 28 29 30 31



वाणी में विष और अमृत दोनों हैं।
सत्य, मधुर व हितकर वाणी
अमृत होती है और
मिथ्या, कटु व अहितकर वाणी
विष होती है।

जनवरी

01 02 03 04 05 06 07 08 09 10 11 12 13 14 15

16 17 18 19 20 21 22 23 24 25 **26** 27 28 29 30 31



किसी की सेवा कर उसको गिनाना
सेवा के महत्त्व व फल को कम करना है।

जनवरी

01 02 03 04 05 06 07 08 09 10 11 12 13 14 15

16 17 18 19 20 21 22 23 24 25 26 **27** 28 29 30 31



कायिक स्थिरता
ध्यान-साधना का आवश्यक अंग है।
उसे साध लो।
तुम्हें प्रथम चरण की सफलता मिल जाएगी।

जनवरी

01 02 03 04 05 06 07 08 09 10 11 12 13 14 15

16 17 18 19 20 21 22 23 24 25 26 27 **28** 29 30 31



तुम दूसरों को किस प्रकार प्रभावित करते हो,
मुझे यह मत बताओ।
मुझे तो यह बताओ
तुमने अपने आपको प्रभावित करना
सीखा या नहीं?

जनवरी

01 02 03 04 05 06 07 08 09 10 11 12 13 14 15
16 17 18 19 20 21 22 23 24 25 26 27 28 **29** 30 31



श्रद्धा का मतलब यह नहीं है कि
तुम गलत बात को पकड़ने के बाद
उसे छोड़ो ही नहीं।
श्रद्धा यह रखो कि
मैं गलत लगने वाली बात को
छोड़ भी सकता हूं।

जनवरी

01 02 03 04 05 06 07 08 09 10 11 12 13 14 15

16 17 18 19 20 21 22 23 24 25 26 27 28 29 **30** 31



मृत्यु का होना निश्चित है।
पर कब होना प्रायः अनिश्चित है।
इसलिए सतत जागरूक रहते हुए
भले काम करते रहो।

जनवरी

01 02 03 04 05 06 07 08 09 10 11 12 13 14 15

16 17 18 19 20 21 22 23 24 25 26 27 28 29 30 **31**

फरवरी

दूसरों को कष्ट पहुंचाना कदाचार है और
दूसरों को सुख पहुंचाना तथा
कष्ट न पहुंचाने का संकल्प सदाचार है।

फरवरी

01 02 03 04 05 06 07 08 09 10 11 12 13 14 15

16 17 18 19 20 21 22 23 24 25 26 27 28 29 30 31



यदि अप्रमत्तता के साथ समय का
सदुपयोग किया जाए तो
ऐसी मंजिल नहीं,
जहां तक पहुंचा न जा सके।

फरवरी

01 **02** 03 04 05 06 07 08 09 10 11 12 13 14 15

16 17 18 19 20 21 22 23 24 25 26 27 28 29 30 31



तुम कपड़ों को अच्छा रखने और
बालों को संवारने में ही
कला का प्रयोग करते हो या
जीवन को संवारने में भी कौशल दिखाओगे?

फरवरी

01 02 **03** 04 05 06 07 08 09 10 11 12 13 14 15

16 17 18 19 20 21 22 23 24 25 26 27 28 29 30 31

परिश्रम सही दिशा में हो, सफल हो,
इसके लिए किसी कार्य को करने से पूर्व
मन में दो प्रश्न उठने चाहिए—
'क्यों' और 'कैसे' ?

फरवरी

01 02 03 **04** 05 06 07 08 09 10 11 12 13 14 15

16 17 18 19 20 21 22 23 24 25 26 27 28 29 30 31



समझदार व्यक्ति
केवल भाग्य के भरोसे ही नहीं रहता और
न ही केवल पुरुषार्थ को महत्त्व देता है।
वह भाग्य और पुरुषार्थ दोनों को मानता है।

फरवरी

01 02 03 04 **05** 06 07 08 09 10 11 12 13 14 15

16 17 18 19 20 21 22 23 24 25 26 27 28 29 30 31



बीस जगह छोटे-छोटे गड्ढे खोदने की
अपेक्षा कहीं एक गहरा गड्ढा खोदो,
वह कुंआ होगा। तुम्हारी प्यास बुझाने वाला
जल तुम्हें प्रदान कर सकेगा।

फरवरी

01 02 03 04 05 **06** 07 08 09 10 11 12 13 14 15

16 17 18 19 20 21 22 23 24 25 26 27 28 29 30 31



इस जीवन तक सीमित मत रहो।
अगले जीवन पर भी ध्यान दो।
इस जीवन में ऐसे काम मत करो,
जिससे तुम्हारी अगली गति खराब हो जाए।

फरवरी

01 02 03 04 05 06 **07** 08 09 10 11 12 13 14 15
16 17 18 19 20 21 22 23 24 25 26 27 28 29 30 31



दुनिया में कितने लोग हैं,
जो ठीक तरह बोल भी नहीं पाते,
मूक हैं, अस्पष्ट भाषी हैं।
तुम्हें अच्छी तरह बोलने की शक्ति प्राप्त है।
इस शक्ति का दुरुपयोग मत करो।

फरवरी

01 02 03 04 05 06 07 **08** 09 10 11 12 13 14 15
16 17 18 19 20 21 22 23 24 25 26 27 28 29 30 31

यदि आज के दिन तुमने सुकृत किया है
तो आज तुम्हारे लिए सुफल,
यदि दुष्कृत किया है
तो आज तुम्हारे लिए दुष्फल और
न सुकृत किया न दुष्कृत तो
आज का दिन तुम्हारे लिए निष्फल है।

फरवरी

01 02 03 04 05 06 07 08 **09** 10 11 12 13 14 15
16 17 18 19 20 21 22 23 24 25 26 27 28 29 30 31



आपातपटु व परिणाम कटु कार्य करना
कोई बुद्धिमत्ता नहीं।
कार्य वह करो
जो परिणाम पटु हो,
भले आपात कटु भी क्यों न हो।

फरवरी

01 02 03 04 05 06 07 08 09 **10** 11 12 13 14 15

16 17 18 19 20 21 22 23 24 25 26 27 28 29 30 31



व्यक्ति अपनी शक्ति का
दुरुपयोग तो करे ही नहीं,
शक्ति का अनुपयोग भी न हो,
जितना हो सके वह अपनी
शक्ति का सदुपयोग ही करे।

फरवरी

01 02 03 04 05 06 07 08 09 10 **11** 12 13 14 15
16 17 18 19 20 21 22 23 24 25 26 27 28 29 30 31



हर व्यक्ति के जीवन में
अच्छाइयां और कमियां दोनों होती हैं।
यदि कमियों को दूर करने और
अच्छाइयों को विकसित करने का
प्रयास होता है तो
जीवन अच्छा बन जाता है।

फरवरी

01 02 03 04 05 06 07 08 09 10 11 **12** 13 14 15

16 17 18 19 20 21 22 23 24 25 26 27 28 29 30 31



सही दिशा में
शक्ति का नियोजन करने वाला व्यक्ति ही
सफलता प्राप्त करता है।

फरवरी

01 02 03 04 05 06 07 08 09 10 11 12 **13** 14 15

16 17 18 19 20 21 22 23 24 25 26 27 28 29 30 31



जो व्यक्ति
समय के मूल्य को पहचानते हैं,
वे समय पर अपना काम करते हैं और
सफलता अर्जित कर लेते हैं।

फरवरी

01 02 03 04 05 06 07 08 09 10 11 12 13 **14** 15
16 17 18 19 20 21 22 23 24 25 26 27 28 29 30 31



शरीर से मनुष्य होना विशेष बात है।
किन्तु आचार से, व्यवहार से मनुष्य होना,
मानव में मानवता का होना
विशेष बात होती है।

फरवरी

01 02 03 04 05 06 07 08 09 10 11 12 13 14 **15**

16 17 18 19 20 21 22 23 24 25 26 27 28 29 30 31



क्रोध करना बुरा है।
पर अपनी सेवा करने वालों पर व
गुरुजनों पर व्यर्थ क्रोध करना,
निष्कारण क्रोधाकुल हो जाना ज्यादा बुरा है।

फरवरी

01 02 03 04 05 06 07 08 09 10 11 12 13 14 15

16 17 18 19 20 21 22 23 24 25 26 27 28 29 30 31



वर्षा आती है।
उत्तप्त मनुष्य शांति का अनुभव करता है।
इसी प्रकार समर्थ व्यक्ति
जब असमर्थों पर करुणा और कृपा की वर्षा
करते हैं तो उन्हें भी शांति मिलती है।

फरवरी

01 02 03 04 05 06 07 08 09 10 11 12 13 14 15
16 **17** 18 19 20 21 22 23 24 25 26 27 28 29 30 31



इस नश्वर जीवन में हो सके तो
किसी का भला करो,
किन्तु किसी का बुरा मत करो।

फरवरी

01 02 03 04 05 06 07 08 09 10 11 12 13 14 15

16 17 **18** 19 20 21 22 23 24 25 26 27 28 29 30 31



तुम्हारा दिमाग कूड़ादान नहीं,
प्रभु का पवित्र मन्दिर बना रहे।
इसलिए उसमें जो कुछ भी मत डालो,
अच्छी सामग्री ही अर्पित करो।

फरवरी

01 02 03 04 05 06 07 08 09 10 11 12 13 14 15

16 17 18 **19** 20 21 22 23 24 25 26 27 28 29 30 31



कर्म के साथ अकर्म को जोड़ो।
प्रवृत्ति के साथ निवृत्ति को जोड़ो।
भोग के साथ योग को जोड़ो।
फिर देखो तुम्हें कितना आनंद मिलता है।

फरवरी

01 02 03 04 05 06 07 08 09 10 11 12 13 14 15

16 17 18 19 **20** 21 22 23 24 25 26 27 28 29 30 31



तुम विभिन्न मनुष्यों से मिलते हो,
साथ रहते हो।
तुम उनकी विशेषताओं को परख कर
उन्हें आत्मसात् करने का प्रयास करो।

फरवरी

01 02 03 04 05 06 07 08 09 10 11 12 13 14 15

16 17 18 19 20 **21** 22 23 24 25 26 27 28 29 30 31



व्यक्ति के जीवन की
बहुत बड़ी उपलब्धि है—
सहज सतत प्रसन्नता।

फरवरी

01 02 03 04 05 06 07 08 09 10 11 12 13 14 15

16 17 18 19 20 21 **22** 23 24 25 26 27 28 29 30 31



दूसरों को उपदेश देने से पूर्व
जरा यह भी आत्मालोचन करो कि
उपदेश का कितना अंश तुम्हारे जीवन में है ?

फरवरी

01 02 03 04 05 06 07 08 09 10 11 12 13 14 15

16 17 18 19 20 21 22 **23** 24 25 26 27 28 29 30 31



तुम दूसरों से आशीर्वाद मांगते हो।
जरा यह भी सोचो,
तुम्हें स्वयं का आशीर्वाद मिल रहा है या नहीं?
तुम्हारा पवित्र विचार और पवित्र आचार
तुम्हारा अपना आशीर्वाद है।

फरवरी

01 02 03 04 05 06 07 08 09 10 11 12 13 14 15

16 17 18 19 20 21 22 23 **24** 25 26 27 28 29 30 31



तुम दूसरों की बुराइयों को देखते हो।
जरा आंख मूंद यह भी खोजो
तुम्हारे में कितनी बुराइयां हैं?

फरवरी

01 02 03 04 05 06 07 08 09 10 11 12 13 14 15

16 17 18 19 20 21 22 23 24 **25** 26 27 28 29 30 31



प्रियता और योग्यता भिन्न-भिन्न है।
तुम्हारा प्रिय है, इसलिए वह योग्य भी है
यह जरूरी नहीं है। इसलिए
दायित्व उसी को सौंपों जो योग्य हो,
भले तुम्हारा प्रिय न भी हो।

फरवरी

01 02 03 04 05 06 07 08 09 10 11 12 13 14 15

16 17 18 19 20 21 22 23 24 25 **26** 27 28 29 30 31



सातों सुख सबको मिले, यह
कठिन है। इसलिए सात में से ३/४/५
जितने भी सुख मिलें, उसी में संतुष्ट रहो।

फरवरी

01 02 03 04 05 06 07 08 09 10 11 12 13 14 15
16 17 18 19 20 21 22 23 24 25 26 **27** 28 29 30 31



छोटा मान कर किसी की उपेक्षा मत करो।
हाथी की सूंड में प्रविष्ट एक छोटा गिरगिट
भी बड़ी समस्या का कारण बन सकता है।

फरवरी

01 02 03 04 05 06 07 08 09 10 11 12 13 14 15

16 17 18 19 20 21 22 23 24 25 26 27 **28** 29 30 31



जिस व्यक्ति की चेतना
आत्मदर्शन की ओर अग्रसर हो जाती है,
उसके परदोषदर्शन के संस्कार
स्वतः छूट जाते हैं।

फरवरी

01 02 03 04 05 06 07 08 09 10 11 12 13 14 15

16 17 18 19 20 21 22 23 24 25 26 27 28 **29** 30 31

मार्च



अर्थ का अर्जन शुद्ध साधन से किया जाए
व उसका सदुपयोग किया जाए तो
अर्थ सार्थक है
वरना वह अनर्थ है।

मार्च

01 02 03 04 05 06 07 08 09 10 11 12 13 14 15
16 17 18 19 20 21 22 23 24 25 26 27 28 29 30 31



स्वाद के लिए खाना अज्ञान,
जीने के लिए खाना आवश्यकता और
संयम की रक्षा के लिए खाना साधना है।

मार्च

01 **02** 03 04 05 06 07 08 09 10 11 12 13 14 15

16 17 18 19 20 21 22 23 24 25 26 27 28 29 30 31



तन और मन की दूरी द्रव्य क्रिया है
और तन व मन की एकात्मकता
भाव क्रिया है।
भाव क्रिया का अभ्यास एक साधना है।

मार्च

01 02 **03** 04 05 06 07 08 09 10 11 12 13 14 15
16 17 18 19 20 21 22 23 24 25 26 27 28 29 30 31



सद्‌व्यवहार सबके साथ करो।
विश्वास किसी योग्य का करो।
दुर्व्यवहार किसी के साथ मत करो।



जो व्यक्ति सतत प्रयत्नशील रहता है,
जागरूकता के साथ परिश्रम करता है,
वह अपने सौभाग्य का निर्माण कर लेता है।

मार्च

01 02 03 04 **05** 06 07 08 09 10 11 12 13 14 15

16 17 18 19 20 21 22 23 24 25 26 27 28 29 30 31

स्पष्ट लक्ष्य के साथ जीने वाला व्यक्ति
अपने जीवन को सार्थक व
सुफल बना सकता है।

मार्च

01 02 03 04 05 **06** 07 08 09 10 11 12 13 14 15

16 17 18 19 20 21 22 23 24 25 26 27 28 29 30 31

अच्छाइयों के प्रति प्रेम पैदा कर लो।
फिर उनका आचरण आसान हो जाएगा।
बुराइयों से घृणा कर लो।
फिर उन्हें छोड़ना आसान हो जाएगा।

मार्च

01 02 03 04 05 06 **07** 08 09 10 11 12 13 14 15
16 17 18 19 20 21 22 23 24 25 26 27 28 29 30 31



बीता हुआ समय पुनः नहीं मिलता।
अतः क्षण-क्षण का उपयोग करो।

मार्च

01 02 03 04 05 06 07 **08** 09 10 11 12 13 14 15
16 17 18 19 20 21 22 23 24 25 26 27 28 29 30 31



भविष्य भी उसी का अच्छा बनता है,
जिसका वर्तमान अच्छा होता है।

मार्च

01 02 03 04 05 06 07 08 **09** 10 11 12 13 14 15

16 17 18 19 20 21 22 23 24 25 26 27 28 29 30 31



करने से पूर्व अच्छी तरह सोचो।
फिर जो होता है,
उसे प्रसन्नता से स्वीकार करो।

मार्च

01 02 03 04 05 06 07 08 09 **10** 11 12 13 14 15
16 17 18 19 20 21 22 23 24 25 26 27 28 29 30 31



यदि दुनिया में ईमानदारी छा जाए
तो अनेक-अनेक समस्याओं को
जन्मने का मौका ही नहीं मिलेगा।

मार्च

01 02 03 04 05 06 07 08 09 10 **11** 12 13 14 15
16 17 18 19 20 21 22 23 24 25 26 27 28 29 30 31



स्वार्थ से सर्वार्थ की दिशा में प्रस्थान व
प्रगति करने वाला
व्यक्ति महान् बनता है।

मार्च

01 02 03 04 05 06 07 08 09 10 11 **12** 13 14 15
16 17 18 19 20 21 22 23 24 25 26 27 28 29 30 31



प्रसन्नता और विनम्रता से
चेहरे का सौन्दर्य बढ़ता है।
भय, क्रोध व शोक
चेहरे को विकृत बनाते हैं।

मार्च

01 02 03 04 05 06 07 08 09 10 11 12 **13** 14 15

16 17 18 19 20 21 22 23 24 25 26 27 28 29 30 31



दूसरों का हित करने वाला
अपना हित स्वतः कर लेता है और
दूसरों का अहित करने वाला
अपना अहित कर लेता है।

मार्च

01 02 03 04 05 06 07 08 09 10 11 12 13 **14** 15
16 17 18 19 20 21 22 23 24 25 26 27 28 29 30 31



विद्या से विनय मिले,
यह तो जरूरी नहीं।
विनय से विद्या शोभायमान होती है।

मार्च

01 02 03 04 05 06 07 08 09 10 11 12 13 14 **15**

16 17 18 19 20 21 22 23 24 25 26 27 28 29 30 31



विनय करने वाला छोटा नहीं,
दुनिया का बड़ा आदमी होता है।
फिर विनय करने में संकोच क्यों होना चाहिए?

मार्च

01 02 03 04 05 06 07 08 09 10 11 12 13 14 15

16 17 18 19 20 21 22 23 24 25 26 27 28 29 30 31



आवेश की स्थिति में
निर्णय गलत होने की संभावना रहती है,
अतः शान्त अवस्था में ही
चिन्तनपूर्वक निर्णय करना चाहिए।

मार्च

01 02 03 04 05 06 07 08 09 10 11 12 13 14 15

16 **17** 18 19 20 21 22 23 24 25 26 27 28 29 30 31



बाहर के मित्र भी उपयोगी बन सकते हैं।
भीतर के मित्र - अहिंसा आदि
परम उपयोगी होते हैं।

मार्च

01 02 03 04 05 06 07 08 09 10 11 12 13 14 15

16 17 **18** 19 20 21 22 23 24 25 26 27 28 29 30 31



जो व्यक्ति आत्म-कल्याण का कार्य करता है,
प्राणी मात्र के प्रति प्रेम, मैत्री और करुणा के
भाव रखता है तथा स्वयं कष्ट झेलकर भी
दूसरों का हित करता है,
उसका जीवन धन्य बन जाता है और
उसकी मृत्यु भी धन्य बन जाती है।

मार्च

01 02 03 04 05 06 07 08 09 10 11 12 13 14 15

16 17 18 **19** 20 21 22 23 24 25 26 27 28 29 30 31



हम समता का कवच धारण कर लें।
फिर बाहर की परिस्थितियां हमें प्रभावित
नहीं कर सकेंगी, दुःखी नहीं बना सकेंगी।

मार्च

01 02 03 04 05 06 07 08 09 10 11 12 13 14 15

16 17 18 19 **20** 21 22 23 24 25 26 27 28 29 30 31



अच्छी चीज कहीं से भी मिले,
स्वीकार करनी चाहिए।
बुरी चीज कहीं भी हो उसका
परित्याग करना चाहिए।

मार्च

01 02 03 04 05 06 07 08 09 10 11 12 13 14 15
16 17 18 19 20 **21** 22 23 24 25 26 27 28 29 30 31



धर्म ही एकमात्र ऐसा मित्र है,
जो इहलोक और परलोक में साथ देता है,
दुर्गति से बचाता है और
चिरस्थायी सुख-शांति प्रदान करता है।

मार्च

01 02 03 04 05 06 07 08 09 10 11 12 13 14 15

16 17 18 19 20 21 **22** 23 24 25 26 27 28 29 30 31



चिन्तन की स्वस्थता
चित्त को प्रसन्नता प्रदान करती है।

मार्च

01 02 03 04 05 06 07 08 09 10 11 12 13 14 15

16 17 18 19 20 21 22 **23** 24 25 26 27 28 29 30 31



सद्‌विचार और सदाचार
सद्‌भाग्य का निर्माण करने वाले हैं।

मार्च

01 02 03 04 05 06 07 08 09 10 11 12 13 14 15

16 17 18 19 20 21 22 23 **24** 25 26 27 28 29 30 31



ध्वजा की प्रशंसा हो सकती है,
किन्तु नींव के पत्थर को भी
भुलाया नहीं जा सकता।

मार्च

01 02 03 04 05 06 07 08 09 10 11 12 13 14 15

16 17 18 19 20 21 22 23 24 **25** 26 27 28 29 30 31



सत्साहित्य
चेतना की अच्छी खुराक है।

मार्च

01 02 03 04 05 06 07 08 09 10 11 12 13 14 15

16 17 18 19 20 21 22 23 24 25 **26** 27 28 29 30 31



निरन्तर जागरूक रहने वाला व्यक्ति
जीवन का सही उपयोग करता है।

मार्च

01 02 03 04 05 06 07 08 09 10 11 12 13 14 15

16 17 18 19 20 21 22 23 24 25 26 **27** 28 29 30 31



अपनी शक्ति का विकास करो।
दूसरों के भरोसे रहना उत्तम बात नहीं।

मार्च

01 02 03 04 05 06 07 08 09 10 11 12 13 14 15

16 17 18 19 20 21 22 23 24 25 26 27 **28** 29 30 31



तुम्हारे सुख-दुःख के जिम्मेवार
तुम स्वयं हो।
दूसरे तो निमित्त मात्र हैं।
फिर उन पर आक्रोश क्यों करते हो?

मार्च

01 02 03 04 05 06 07 08 09 10 11 12 13 14 15
16 17 18 19 20 21 22 23 24 25 26 27 28 **29** 30 31



अप्रमाद एक परम तत्त्व है।
वह आध्यात्मिक और व्यावहारिक
दोनों दृष्टियों से लाभदायी है।
गलत कार्यों से बचना व
जागरूक रहना अप्रमाद है।

मार्च

01 02 03 04 05 06 07 08 09 10 11 12 13 14 15

16 17 18 19 20 21 22 23 24 25 26 27 28 29 **30** 31



३१ मार्च व्यावसायिक दृष्टि से
वर्षान्त का दिन है।
व्यापारिक खातों में नफा-नुकसान का हिसाब
देखा जाता है। कितना अच्छा हो,
आत्मा का नफा-नुकसान भी देखा जाए।

मार्च

01 02 03 04 05 06 07 08 09 10 11 12 13 14 15

16 17 18 19 20 21 22 23 24 25 26 27 28 29 30 **31**

अप्रेल



एक अप्रेल मूर्ख दिवस (Fool day)
के रूप में प्रसिद्ध है।
भला इसी में है कि आदमी
न स्वयं मूर्ख बने, न दूसरों को बनाए।

अप्रेल

01 02 03 04 05 06 07 08 09 10 11 12 13 14 15
16 17 18 19 20 21 22 23 24 25 26 27 28 29 30 31



तुम सत्पुरुषार्थ करो,
गलत आचरणों से बचो,
अच्छे पुरुषार्थ से
भाग्य भी अच्छा बनता है।

अप्रेल

01 **02** 03 04 05 06 07 08 09 10 11 12 13 14 15

16 17 18 19 20 21 22 23 24 25 26 27 28 29 30 31



प्रत्येक कर्म के साथ
धर्म को जोड़ दिया जाए तो
धर्म के लिए अलग से
समय निकालने की जरूरत ही नहीं।

अप्रेल

01 02 **03** 04 05 06 07 08 09 10 11 12 13 14 15
16 17 18 19 20 21 22 23 24 25 26 27 28 29 30 31



वह व्यक्ति निष्प्राण है,
जिसके जीवन में ईमानदारी का प्राण नहीं है।

अप्रेल

01 02 03 **04** 05 06 07 08 09 10 11 12 13 14 15
16 17 18 19 20 21 22 23 24 25 26 27 28 29 30 31



आदमी का शरीर स्वस्थ है।
इस स्थिति में वह खूब परोपकार करे,
यह शरीर की स्वस्थता का सदुपयोग है।

अप्रेल

01 02 03 04 **05** 06 07 08 09 10 11 12 13 14 15

16 17 18 19 20 21 22 23 24 25 26 27 28 29 30 31



अनाग्रह अच्छा है पर
आग्रह भी सर्वत्र बुरा नहीं।
सत्य की खोज में अनाग्रह उपयोगी है और
प्राप्त सत्य की रक्षा के लिए
आग्रह भी लाभदायी है।

अप्रेल

01 02 03 04 05 **06** 07 08 09 10 11 12 13 14 15

16 17 18 19 20 21 22 23 24 25 26 27 28 29 30 31



निश्चित समय, निश्चित स्थान,
निश्चित आसन में और निश्चित अवधि तक
भक्तिसंभृत भावना से अपने प्रभु में खो जाना
विशिष्ट सफलता का उपाय है।

अप्रेल

01 02 03 04 05 06 **07** 08 09 10 11 12 13 14 15

16 17 18 19 20 21 22 23 24 25 26 27 28 29 30 31

सेवा एक महान् कार्य है।
उसके आध्यात्मिक और व्यावहारिक
दोनों लाभ हैं।

अप्रेल

01 02 03 04 05 06 07 **08** 09 10 11 12 13 14 15

16 17 18 19 20 21 22 23 24 25 26 27 28 29 30 31

कर्त्तव्यनिष्ठा बहुत बड़ा गुण है।
जिस आदमी का जो कर्त्तव्य है,
उसके निर्वाह में निष्ठा रहनी चाहिए।
कर्त्तव्य भिन्न-भिन्न हो सकता है पर
कर्त्तव्य निष्ठा सबमें उत्कृष्ट रहे,
यह काम्य है।

अप्रेल

01 02 03 04 05 06 07 08 **09** 10 11 12 13 14 15

16 17 18 19 20 21 22 23 24 25 26 27 28 29 30 31



उतना और वही मिलेगा
जितना और जो तुम्हारे भाग्य में है।
न कम मिलेगा न ज्यादा।
फिर व्यर्थ चिन्ता क्यों करते हो?

अप्रेल

01 02 03 04 05 06 07 08 09 **10** 11 12 13 14 15
16 17 18 19 20 21 22 23 24 25 26 27 28 29 30 31



दूसरी कीमती चीजें यदि खो जाए तो
उन्हें दुबारा प्राप्त किया जा सकता है,
किन्तु समय एक ऐसी चीज है,
जिसे खोने के बाद
दुबारा कभी नहीं पाया जा सकता।

अप्रेल

01 02 03 04 05 06 07 08 09 10 **11** 12 13 14 15

16 17 18 19 20 21 22 23 24 25 26 27 28 29 30 31



प्रबल पुण्य का उदय है तो
कोई तुम्हें मार नहीं सकता और
प्रबल पाप का उदय है तो
कोई तुम्हें बचा नहीं सकता।
तुम्हारे सुख-दुःख
के जिम्मेवार तुम स्वयं हो।

अप्रेल

01 02 03 04 05 06 07 08 09 10 11 **12** 13 14 15

16 17 18 19 20 21 22 23 24 25 26 27 28 29 30 31



सत्य लगने वाली बात को भी
शांति के साथ प्रस्तुत करो।
आवेश अपने आप में असत्य ही है।

अप्रेल

01 02 03 04 05 06 07 08 09 10 11 12 **13** 14 15

16 17 18 19 20 21 22 23 24 25 26 27 28 29 30 31



अपना अहित करने वाले का भी
कल्याण करने का प्रयास करना
परम मैत्री का प्रयोग है।

अप्रेल

01 02 03 04 05 06 07 08 09 10 11 12 13 **14** 15
16 17 18 19 20 21 22 23 24 25 26 27 28 29 30 31



जब तक अज्ञानता की अनुभूति
नहीं होती,
तब तक व्यक्ति
ज्ञान को प्राप्त नहीं कर सकता।

अप्रेल

01 02 03 04 05 06 07 08 09 10 11 12 13 14 **15**

16 17 18 19 20 21 22 23 24 25 26 27 28 29 30 31



प्रार्थना

समर्पण, भक्ति व तल्लीनता के

साथ की जाए तो

उससे बहुत लाभ प्राप्त हो सकता है।

अप्रेल

01 02 03 04 05 06 07 08 09 10 11 12 13 14 15

16 17 18 19 20 21 22 23 24 25 26 27 28 29 30 31



यदि मन मन्दिर में
ईमानदारी देवी की प्रतिष्ठा हो जाए तो
अन्य देवी-देवता तो
स्वयं आकृष्ट हो सकते हैं।

अप्रेल

01 02 03 04 05 06 07 08 09 10 11 12 13 14 15
16 **17** 18 19 20 21 22 23 24 25 26 27 28 29 30 31

दुनिया उसे चाहती है,
जो दुनिया का भला करता है।
दुनिया उसे नहीं चाहती,
जो मात्र अपना स्वार्थ साधने का
प्रयास करता है।

अप्रेल

01 02 03 04 05 06 07 08 09 10 11 12 13 14 15

16 17 **18** 19 20 21 22 23 24 25 26 27 28 29 30 31



समस्या आए ही नहीं,
इस प्रकार की योजना बनाओ।
फिर भी समस्या आ जाए तो
उससे डरो मत।
शांत रहते हुए हल पाने का प्रयास करो।

अप्रेल

01 02 03 04 05 06 07 08 09 10 11 12 13 14 15

16 17 18 **19** 20 21 22 23 24 25 26 27 28 29 30 31



बीमारी को
पापकर्म बंध का कारण न बनने दें।
उसे निर्जरा का हेतु बनाएं।
उससे सम्प्रेरित हो
कोई पवित्र संकल्प ग्रहण करें।
बीमारी वरदायी बन सकेगी।

अप्रेल

01 02 03 04 05 06 07 08 09 10 11 12 13 14 15

16 17 18 19 **20** 21 22 23 24 25 26 27 28 29 30 31



न तुम स्वयं डरो, न किसी को डराओ।
डरना दुर्बलता है तो
डराना स्पष्ट हिंसा का रूप है।

अप्रेल

01 02 03 04 05 06 07 08 09 10 11 12 13 14 15
16 17 18 19 20 **21** 22 23 24 25 26 27 28 29 30 31



ईमानदारी से किया गया कार्य
प्रगति की ओर ले जाता है।

अप्रेल

01 02 03 04 05 06 07 08 09 10 11 12 13 14 15

16 17 18 19 20 21 **22** 23 24 25 26 27 28 29 30 31



साधारण और प्रतिभाशाली व्यक्ति में
यही अंतर होता है कि
एक बाहरी आकर्षणों में खोया रहता है और
दूसरा आंतरिक यथार्थ में।

अप्रेल

01 02 03 04 05 06 07 08 09 10 11 12 13 14 15

16 17 18 19 20 21 22 **23** 24 25 26 27 28 29 30 31



अपने उपकारी पर उपकार करना अच्छा है।
परन्तु अपकारी (अनिष्ट करने वाले) का भी
भला करने की भावना
महानता का लक्षण है।

अप्रेल

01 02 03 04 05 06 07 08 09 10 11 12 13 14 15

16 17 18 19 20 21 22 23 **24** 25 26 27 28 29 30 31



मित्र का कर्त्तव्य है कि
वह अपने मित्र को कठिन स्थिति में छोड़े नहीं।
उसे आत्मीयता व सहयोग प्रदान करे।
कठिनाई में छोड़ने वाला झूठा व
न छोड़ने वाला सच्चा मित्र है।

अप्रेल

01 02 03 04 05 06 07 08 09 10 11 12 13 14 15

16 17 18 19 20 21 22 23 24 **25** 26 27 28 29 30 31



दूसरे के कहने से आदमी महान् नहीं बनता
व दूसरे के कहने से वह अधम नहीं बन जाता।
स्वयं को स्वयं के बारे में निर्णय करना चाहिए।

अप्रेल

01 02 03 04 05 06 07 08 09 10 11 12 13 14 15

16 17 18 19 20 21 22 23 24 25 **26** 27 28 29 30 31



दूसरे के दुःख को
अपना मानकर चलने वाला व्यक्ति
महानता के पथ पर गति कर सकता है।

अप्रेल

01 02 03 04 05 06 07 08 09 10 11 12 13 14 15
16 17 18 19 20 21 22 23 24 25 26 **27** 28 29 30 31



जिससे तुम सहयोग लेना चाहते हो,
उसके लिए तुम क्या करोगे ?
पहले यह निर्णय व संकल्प करो,
फिर उससे सहयोग लो ।

अप्रेल

01 02 03 04 05 06 07 08 09 10 11 12 13 14 15

16 17 18 19 20 21 22 23 24 25 26 27 **28** 29 30 31

तुम सम्मान पाने का
प्रयास मत करो।
सम्मान योग्य कार्य
आज से ही प्रारंभ करो।

अप्रेल

01 02 03 04 05 06 07 08 09 10 11 12 13 14 15
16 17 18 19 20 21 22 23 24 25 26 27 28 **29** 30 31



श्रम करो, पर निष्पत्तिपरक श्रम करो।
लक्ष्यहीन व अल्पफलप्रद श्रम से
क्या लाभ?

अप्रेल

01 02 03 04 05 06 07 08 09 10 11 12 13 14 15

16 17 18 19 20 21 22 23 24 25 26 27 28 29 **30** 31

मई



अपने आराध्य और कार्य के प्रति
निष्ठाशील रहो।
निष्ठाविहीन कार्य और आराध्य
तुम्हारा कितना भला कर पाएगा?

मई

01 02 03 04 05 06 07 08 09 10 11 12 13 14 15

16 17 18 19 20 21 22 23 24 25 26 27 28 29 30 31



तात्कालिक लाभ को
अधिक महत्त्व मत दो।
धैर्य रखो व दीर्घकालिक लाभ पर
चिन्तन को केन्द्रित करो।

मई

01 **02** 03 04 05 06 07 08 09 10 11 12 13 14 15

16 17 18 19 20 21 22 23 24 25 26 27 28 29 30 31



प्रतिकूलताओं को सहन करना सीखो।

उनसे दुःखी मत बनो।

फिर देखो तुम कितने सुखी बन जाओगे।

मई

01 02 **03** 04 05 06 07 08 09 10 11 12 13 14 15

16 17 18 19 20 21 22 23 24 25 26 27 28 29 30 31



काम अच्छा करो।
प्रशंसा पाने का प्रयास मत करो।
प्रशंसा के क्षणिक सुख के लिए
शाश्वत सुख से दूर मत बनो।

मई

01 02 03 **04** 05 06 07 08 09 10 11 12 13 14 15
16 17 18 19 20 21 22 23 24 25 26 27 28 29 30 31



भावुकतावश तत्काल
कोई निर्णय मत करो।
परिणाम पर ध्यान देकर
विचारपूर्वक निर्णय करो।

मई

01 02 03 04 **05** 06 07 08 09 10 11 12 13 14 15
16 17 18 19 20 21 22 23 24 25 26 27 28 29 30 31



तात्कालिक प्रशंसा और तात्कालिक निन्दा
तुम्हारे कार्य का प्रमाण पत्र नहीं है।
यह सोचो स्थायी अथवा दीर्घकालिक परिणाम
क्या आने वाला है?

मई

01 02 03 04 05 **06** 07 08 09 10 11 12 13 14 15
16 17 18 19 20 21 22 23 24 25 26 27 28 29 30 31



मृत्यु का होना तो निश्चित है,
पर कब होना अनिश्चित है।
इसलिए व्यक्ति को
नश्वर देह का आध्यात्मिक
उपयोग करने पर ध्यान देना चाहिए।

मई

01 02 03 04 05 06 **07** 08 09 10 11 12 13 14 15

16 17 18 19 20 21 22 23 24 25 26 27 28 29 30 31



वे व्यक्ति महान् होते हैं,
जो दूसरों की भलाई के लिए
स्वयं कष्ट झेलने के लिए तत्पर रहते हैं।

मई

01 02 03 04 05 06 07 **08** 09 10 11 12 13 14 15

16 17 18 19 20 21 22 23 24 25 26 27 28 29 30 31



बोलना कोई बड़ी बात नहीं।
नहीं बोलना भी कोई बड़ी बात नहीं।
बोलने और न बोलने का
विवेक रखना बड़ी बात है।

मई

01 02 03 04 05 06 07 08 **09** 10 11 12 13 14 15
16 17 18 19 20 21 22 23 24 25 26 27 28 29 30 31



भोजन करना बड़ी बात नहीं।
भोजन न करना भी बड़ी बात नहीं।
भोजन करने और न करने में
विवेक रखना बड़ी बात है।

मई

01 02 03 04 05 06 07 08 09 **10** 11 12 13 14 15

16 17 18 19 20 21 22 23 24 25 26 27 28 29 30 31



भावना, क्रिया और परिणाम की
एक श्रृंखला है।
कार्य का परिणाम प्रायः
भावना पर आधारित रहता है।
शुद्ध भावना से की गई क्रिया
शुभ परिणाम लाती है।

मई

01 02 03 04 05 06 07 08 09 10 **11** 12 13 14 15

16 17 18 19 20 21 22 23 24 25 26 27 28 29 30 31



सामूहिक जीवन में
आत्मीयतापूर्ण, पवित्रतापूर्ण, मधुरतापूर्ण और
विनम्रतापूर्ण व्यवहार हो तो
मैत्रीपूर्ण संबंध स्थापित हो सकता है।

मई

01 02 03 04 05 06 07 08 09 10 11 **12** 13 14 15

16 17 18 19 20 21 22 23 24 25 26 27 28 29 30 31



अगर हमारा मन
कठिनाइयों को झेलने के लिए
तैयार हो जाता है तो
कठिनाइयां हमें दुःखी नहीं बना सकती।

मई

01 02 03 04 05 06 07 08 09 10 11 12 **13** 14 15

16 17 18 19 20 21 22 23 24 25 26 27 28 29 30 31



किसका है ? यह मत देखो।
क्या है ? इस पर ध्यान दो।
अच्छा विचार व अच्छी कृति,
फिर वह किसी की भी क्यों न हो,
स्वीकार कर लो।

मई

01 02 03 04 05 06 07 08 09 10 11 12 13 **14** 15

16 17 18 19 20 21 22 23 24 25 26 27 28 29 30 31



अपनी आवाज को सुनने वाला,
अपने आपको देखने वाला और
अपना हित चाहने वाला व्यक्ति
अपना मित्र होता है।

मई

01 02 03 04 05 06 07 08 09 10 11 12 13 14 **15**

16 17 18 19 20 21 22 23 24 25 26 27 28 29 30 31



स्वयं के साथ
मित्रता करने वाला व्यक्ति
दूसरों के साथ गलत व्यवहार नहीं करता।

मई

01 02 03 04 05 06 07 08 09 10 11 12 13 14 15

16 17 18 19 20 21 22 23 24 25 26 27 28 29 30 31



किसी के द्वारा प्रशंसित होने मात्र से
तुम बड़े नहीं हो और
किसी के द्वारा निन्दित होने मात्र से तुम
छोटे नहीं हो।
यह सोचो, तुम्हारे कार्य
महानता वाले हैं या अधमतावाले ?

मई

01 02 03 04 05 06 07 08 09 10 11 12 13 14 15

16 **17** 18 19 20 21 22 23 24 25 26 27 28 29 30 31



आकार छोटा है या बड़ा,
यह गौण बात है।
सार कितना है, यह मूल बात है।

मई

01 02 03 04 05 06 07 08 09 10 11 12 13 14 15

16 17 **18** 19 20 21 22 23 24 25 26 27 28 29 30 31

जिसे किसी का भय नहीं होता,
वही वास्तव में वीर होता है।

मई

01 02 03 04 05 06 07 08 09 10 11 12 13 14 15

16 17 18 **19** 20 21 22 23 24 25 26 27 28 29 30 31



पद पर आकर व्यक्ति अगर
अच्छा कार्य करता है तो
पद श्रृंगार है, उपहार है, हार है।
वरना वह
भार है, धिक्कार है, निस्सार है।

मई

01 02 03 04 05 06 07 08 09 10 11 12 13 14 15

16 17 18 19 **20** 21 22 23 24 25 26 27 28 29 30 31

जो व्यक्ति अपने प्रति जागरूक नहीं रहता,
प्रमाद में लगा रहता है,
उसे पग-पग पर
भय का सामना करना पड़ता है।

मई

01 02 03 04 05 06 07 08 09 10 11 12 13 14 15

16 17 18 19 20 **21** 22 23 24 25 26 27 28 29 30 31



निष्ठा क्रिया की आत्मा है।
उसके बिना
महान् कार्य नहीं किया जा सकता।

मई

01 02 03 04 05 06 07 08 09 10 11 12 13 14 15
16 17 18 19 20 21 **22** 23 24 25 26 27 28 29 30 31



तुम दूसरों का भला कर सको
अथवा न भी कर सको।
पर दूसरों का बुरा न करने का
दृढ़ संकल्प करो।
भगवती अहिंसा तुम पर प्रसन्न होगी।

मई

01 02 03 04 05 06 07 08 09 10 11 12 13 14 15

16 17 18 19 20 21 22 **23** 24 25 26 27 28 29 30 31



एकांत स्थान में साधना करने का मूल्य है,
पर भीड़ में रहकर भी
एकांत का-सा अनुभव करना
परम मूल्यवान् है।

मई

01 02 03 04 05 06 07 08 09 10 11 12 13 14 15

16 17 18 19 20 21 22 23 **24** 25 26 27 28 29 30 31

शरीर नश्वर है, आत्मा अमर है।
शरीर एक दिन छूटने वाला है।
नश्वर शरीर की
सबसे बड़ी सार्थकता इसमें है कि
उससे अमर आत्मा का हित हो,
वैसा काम किया जाए।

मई

01 02 03 04 05 06 07 08 09 10 11 12 13 14 15

16 17 18 19 20 21 22 23 24 **25** 26 27 28 29 30 31



प्रातःपरिभ्रमण (Morning Walk)
अधिक सार्थक तब हो सकता है,
जब उस समय
दीर्घश्वास व विचार संयम का
अभ्यास किया जाए।

मई

01 02 03 04 05 06 07 08 09 10 11 12 13 14 15

16 17 18 19 20 21 22 23 24 25 **26** 27 28 29 30 31



सात्त्विक प्रेम में कोई महाशक्ति निहित है।
जिसके द्वारा आदमी के
मन को भी जीता जा सकता है।

मई

01 02 03 04 05 06 07 08 09 10 11 12 13 14 15

16 17 18 19 20 21 22 23 24 25 26 **27** 28 29 30 31



जीवन में जितना प्रमाद होता है,
व्यक्ति उतना ही असफल होता है
और जितना अप्रमाद होता है,
व्यक्ति उतना ही सफल बनता है।

मई

01 02 03 04 05 06 07 08 09 10 11 12 13 14 15

16 17 18 19 20 21 22 23 24 25 26 27 **28** 29 30 31



रोज सोने से पूर्व सोचो,
आज के दिन तुमने सुकृत क्या किया,
भला काम क्या किया ?
यह सोचना भी तुम्हारे लिए शुभ होगा।

मई

01 02 03 04 05 06 07 08 09 10 11 12 13 14 15

16 17 18 19 20 21 22 23 24 25 26 27 28 **29** 30 31

प्रवृत्ति को छोड़ना कठिन है,
परन्तु प्रवृत्ति में होने वाली
आसक्ति को छोड़ा जा सकता है।
फिर प्रवृत्ति तुम्हारी आत्मा को
मलिन बनाने वाली नहीं बनेगी।

मई

01 02 03 04 05 06 07 08 09 10 11 12 13 14 15

16 17 18 19 20 21 22 23 24 25 26 27 28 29 **30** 31



कठिनाइयां तो कहीं भी आ सकती हैं।
पर ऐसा मार्ग चुनो,
जिससे कठिनाइयों को झेलना
लाभदायी बन जाए।

मई

01 02 03 04 05 06 07 08 09 10 11 12 13 14 15
16 17 18 19 20 21 22 23 24 25 26 27 28 29 30 **31**

जून



हर स्थिति अनुकूल बन जाए,
यह संभव नहीं।
इसलिए
तुम परिस्थितियों में सामंजस्य बिठाना सीख लो,
फिर वे तुम्हें बाधित नहीं करेगी।

जून

01 02 03 04 05 06 07 08 09 10 11 12 13 14 15

16 17 18 19 20 21 22 23 24 25 26 27 28 29 30 31



मौत एक वास्तविक अतिथि है।
वह बिना तिथि, दिनांक दिए ही आती है।
इस अतिथि के स्वागत की तैयारी
सदा ही रखनी चाहिए।

जून

01 **02** 03 04 05 06 07 08 09 10 11 12 13 14 15
16 17 18 19 20 21 22 23 24 25 26 27 28 29 30 31

निराश बनने में जल्दी मत करो।
ध्यान दो, कोई उपाय है क्या?
हो सकता है कि तुम्हें कोई मार्ग मिल जाए।

जून

01 02 **03** 04 05 06 07 08 09 10 11 12 13 14 15

16 17 18 19 20 21 22 23 24 25 26 27 28 29 30 31



दीर्घ जीवन पाने की कामना से पूर्व
यह संकल्प करो
कि मैं परोपकारयुक्त जीवन जीऊंगा।

जून

01 02 03 **04** 05 06 07 08 09 10 11 12 13 14 15

16 17 18 19 20 21 22 23 24 25 26 27 28 29 30 31



यदि समता का सुरक्षा कवच पास में है तो
कोई भी परिस्थिति
तुम्हें दुःखी नहीं बना सकती।

जून

01 02 03 04 **05** 06 07 08 09 10 11 12 13 14 15

16 17 18 19 20 21 22 23 24 25 26 27 28 29 30 31



प्रसन्नता को निरंतर बनाए रखने के लिए
जरूरी है कि जो हो चुका
उसके लिए अनुताप मत करो।

जून

01 02 03 04 05 **06** 07 08 09 10 11 12 13 14 15

16 17 18 19 20 21 22 23 24 25 26 27 28 29 30 31



मधुर बोलना अच्छा है,
पर मधुरता के लिए झूठ बोलना
अच्छा नहीं है।

जून

01 02 03 04 05 06 **07** 08 09 10 11 12 13 14 15

16 17 18 19 20 21 22 23 24 25 26 27 28 29 30 31



सोचकर करना और
करने के बाद सोचना
दोनों में बहुत बड़ा अन्तर है।

जून

01 02 03 04 05 06 07 **08** 09 10 11 12 13 14 15
16 17 18 19 20 21 22 23 24 25 26 27 28 29 30 31



स्वदार संतोष (स्वपतिसंतोष) व्रत
यदि समाज अपना ले तो
युवा समाज में कितनी स्वस्थता आ जाए।

जून

01 02 03 04 05 06 07 08 **09** 10 11 12 13 14 15

16 17 18 19 20 21 22 23 24 25 26 27 28 29 30 31



यदि एक बार में सफलता न मिले तो
हार मत मानो।
जब तक स्वल्प भी आशीकरण हो,
तुम सत्पुरुषार्थ करते रहो।

जून

01 02 03 04 05 06 07 08 09 **10** 11 12 13 14 15
16 17 18 19 20 21 22 23 24 25 26 27 28 29 30 31

जो व्यक्ति
करने में विवेक रखता है और
होने को सहज स्वीकार कर लेता है,
वह हर घटना में प्रसन्न रह सकता है।

जून

01 02 03 04 05 06 07 08 09 10 **11** 12 13 14 15

16 17 18 19 20 21 22 23 24 25 26 27 28 29 30 31



अनासक्त योग आत्मसात् हो जाए तो
दुःख का मूल ही उन्मूलित हो सकता है।
कार्य करो, पर लिप्त मत बनो।
पदार्थ का उपयोग करो, पर मूर्च्छा मत करो।

जून

01 02 03 04 05 06 07 08 09 10 11 **12** 13 14 15

16 17 18 19 20 21 22 23 24 25 26 27 28 29 30 31



देह से भोग नहीं भोगना भी अच्छा है
पर भाव से भी भोग न भोगना अति
उत्तम है। केवल शरीर भोग त्यागी ही नहीं,
भाव भोग त्यागी भी बनो।

जून

01 02 03 04 05 06 07 08 09 10 11 12 **13** 14 15
16 17 18 19 20 21 22 23 24 25 26 27 28 29 30 31



अपनी शक्ति को पहचानो।
उसकी रक्षा करो।
उसका विकास करो और
उसका सही उपयोग करो।
वह किसी के विनाश का साधन न बने,
किसी के विकास का माध्यम ही बने।

जून

01 02 03 04 05 06 07 08 09 10 11 12 13 **14** 15

16 17 18 19 20 21 22 23 24 25 26 27 28 29 30 31



तुम स्वाध्याय करो।
उससे तीन लाभ हैं—
ज्ञान बढ़ता है,
वैराग्य बढ़ता है,
आचरण निर्मल बनता है।

जून

01 02 03 04 05 06 07 08 09 10 11 12 13 14 **15**

16 17 18 19 20 21 22 23 24 25 26 27 28 29 30 31



दायित्व हर किसी को मत सौंपो।
योग्य व्यक्ति का योग्य कार्य के लिए
नियोजन किया जाना चाहिए।
कुपात्र, सुपात्र व अपात्र का
सम्यक् विश्लेषण करो।

जून

01 02 03 04 05 06 07 08 09 10 11 12 13 14 15

16 17 18 19 20 21 22 23 24 25 26 27 28 29 30 31



किसी भी समस्या के बारे

में चिंता मत करो,

व्यथा मत करो,

शांत भाव से

समाधान का पथ खोजने का प्रयास करो।

जून

01 02 03 04 05 06 07 08 09 10 11 12 13 14 15

16 **17** 18 19 20 21 22 23 24 25 26 27 28 29 30 31



विनय-भक्ति वहीं तक उचित है,
जहां तक सत्य का हनन न हो।
सत्य को गौण कर विनय करना
मेरी दृष्टि में उचित नहीं।

जून

01 02 03 04 05 06 07 08 09 10 11 12 13 14 15

16 17 **18** 19 20 21 22 23 24 25 26 27 28 29 30 31



तुम ध्यान कितना करते हो, तुम जानो।
तुम ज्ञान कितना करते हो, तुम जानो।
मुझे बता सको तो पहले यह बताओ
तुम सेवा और पवित्र व्यवहार कितना करते हो ?

जून

01 02 03 04 05 06 07 08 09 10 11 12 13 14 15

16 17 18 **19** 20 21 22 23 24 25 26 27 28 29 30 31



सारे सद्गुणों को
आत्मसात् करना संभव नहीं हो तो
चयनित सद्गुणों को
आत्मसात् करने का प्रयास करो।

जून

01 02 03 04 05 06 07 08 09 10 11 12 13 14 15

16 17 18 19 **20** 21 22 23 24 25 26 27 28 29 30 31



दीर्घकालीन नीति सोच-विचार कर बनाओ।
तात्कालिक स्थितियों के आधार पर
भावुक होकर उसमें परिवर्तन मत करो।

जून

01 02 03 04 05 06 07 08 09 10 11 12 13 14 15

16 17 18 19 20 **21** 22 23 24 25 26 27 28 29 30 31



ज्ञाता-द्रष्टाभाव के अभ्यास से
व्यक्ति सुखी और प्रसन्न रह सकता है।

जून

01 02 03 04 05 06 07 08 09 10 11 12 13 14 15

16 17 18 19 20 21 **22** 23 24 25 26 27 28 29 30 31



जब तक व्यक्ति
केवल ऊपरी भाग को देखता है,
भीतर तक पहुंचने का प्रयास नहीं करता,
तब तक समस्याओं का समाधान
नहीं हो सकता।

जून

01 02 03 04 05 06 07 08 09 10 11 12 13 14 15

16 17 18 19 20 21 22 **23** 24 25 26 27 28 29 30 31



तुम दूसरों को
अपना मित्र बनाते हो,
भले बनाओ।
उसके साथ
स्वयं को भी स्वयं का मित्र बनाओ।

जून

01 02 03 04 05 06 07 08 09 10 11 12 13 14 15
16 17 18 19 20 21 22 23 **24** 25 26 27 28 29 30 31



व्यवहार को सुधारने और बिगाड़ने में
भाषा बहुत बड़ा निमित्त बनती है।

जून

01 02 03 04 05 06 07 08 09 10 11 12 13 14 15

16 17 18 19 20 21 22 23 24 **25** 26 27 28 29 30 31



सुसंस्कार व बौद्धिक शिक्षा प्रदान करने वाले
एक विद्यालय को खोलने का अर्थ है–
एक जेल को बंद करने की तैयारी करना।

जून

01 02 03 04 05 06 07 08 09 10 11 12 13 14 15

16 17 18 19 20 21 22 23 24 25 **26** 27 28 29 30 31



जिस व्यक्ति के दिल में
सरलता का वास होता है,
वह औरों के दिल में
अपना निवास बना लेता है।

जून

01 02 03 04 05 06 07 08 09 10 11 12 13 14 15
16 17 18 19 20 21 22 23 24 25 26 **27** 28 29 30 31

व्यक्ति आकृति से नहीं,
प्रकृति से अधम अथवा महान् बनता है।

जून

01 02 03 04 05 06 07 08 09 10 11 12 13 14 15

16 17 18 19 20 21 22 23 24 25 26 27 **28** 29 30 31

उच्च मनोबल वाला व्यक्ति
विपरीत परिस्थितियों में भी
अपना धैर्य नहीं खोता।

जून

01 02 03 04 05 06 07 08 09 10 11 12 13 14 15

16 17 18 19 20 21 22 23 24 25 26 27 28 **29** 30 31



सौभाग्य का निर्माण करने के लिए जरूरी है कि
दुर्भाग्य का निर्माण करने वाले
प्रमाद से बचें।

जून

01 02 03 04 05 06 07 08 09 10 11 12 13 14 15

16 17 18 19 20 21 22 23 24 25 26 27 28 29 **30** 31

जुलाई



तुम कार्यकर्ता बनना चाहते हो।
यह अच्छी बात हो सकती है।
पर तुम यह सोचो–तुम्हारा अपने काम,
क्रोध व भय पर नियंत्रण है या नहीं?

जुलाई

01 02 03 04 05 06 07 08 09 10 11 12 13 14 15

16 17 18 19 20 21 22 23 24 25 26 27 28 29 30 31



जो व्यक्ति घटना के साथ
खुद को जोड़ देता है
वह दुःखी बन जाता है और
जो केवल द्रष्टाभाव से घटना को देखता है
वह दुःख-मुक्त रह सकता है।

जुलाई

01 **02** 03 04 05 06 07 08 09 10 11 12 13 14 15
16 17 18 19 20 21 22 23 24 25 26 27 28 29 30 31



जो स्वयं पर अनुशासन नहीं कर सकता और
न ही अपने स्वामी के
अनुशासन में रह सकता है,
वह दुःख मुक्त कैसे बन सकता है ?

जुलाई

01 02 **03** 04 05 06 07 08 09 10 11 12 13 14 15

16 17 18 19 20 21 22 23 24 25 26 27 28 29 30 31



इस दुनिया में कोई स्थायी नहीं,
सब राही हैं।

जुलाई

01 02 03 **04** 05 06 07 08 09 10 11 12 13 14 15

16 17 18 19 20 21 22 23 24 25 26 27 28 29 30 31



अधीनस्थों पर अनुशासन रखो, पर
उनकी उस स्वतंत्रता का भी हरण मत करो
जो उनके विकास व संगठन की व्यवस्था में
बाधक नहीं है।
स्वतंत्रता व परतंत्रता का योग आवश्यक है।

जुलाई

01 02 03 04 **05** 06 07 08 09 10 11 12 13 14 15

16 17 18 19 20 21 22 23 24 25 26 27 28 29 30 31



तुम्हें कष्ट अप्रिय लगता है तो
तुम एक संकल्प करो कि
तुम किसी को कष्ट नहीं दोगे व
यथासंभव दूसरों के कष्टों का
निवारण करने का प्रयास करोगे।

जुलाई

01 02 03 04 05 **06** 07 08 09 10 11 12 13 14 15

16 17 18 19 20 21 22 23 24 25 26 27 28 29 30 31



वह कितना मूर्ख आदमी है,
जो अपने बच्चों को तो भूखा रखता है
और दूसरों को रोटियां बांट
दानवीर कहलाने का प्रयास करता है।

जुलाई

01 02 03 04 05 06 **07** 08 09 10 11 12 13 14 15

16 17 18 19 20 21 22 23 24 25 26 27 28 29 30 31



तुमने बहुत जाना होगा, पर
हेय (त्याज्य) और उपादेय (स्वीकार्य) का
विवेक करना नहीं जाना तो
तुम्हारे लिए बहुत जानना शेष है।

जुलाई

01 02 03 04 05 06 07 **08** 09 10 11 12 13 14 15
16 17 18 19 20 21 22 23 24 25 26 27 28 29 30 31



जो व्यक्ति प्रारम्भ में ही स्वतंत्र रहना चाहता है,
वह कभी स्वतंत्र नहीं रह सकता।
जो प्रारम्भ में अनुशासन में रहना सीख लेता है,
वह एक दिन स्वतंत्रता को प्राप्त कर लेता है।

जुलाई

01 02 03 04 05 06 07 08 **09** 10 11 12 13 14 15

